This Question Paper contains 8 Printed Pages.

**909**

# Hindi

**09H**

(Second Language)

Time : 3 Hours 15 Min.] [Maximum Marks : 100

सूचना : (i) प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।

(ii) सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में ही लिखिए ।

(iii) प्रश्न-पत्र में छः भाग हैं ।

## भाग – I

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए : (12 × 1 = 12)

1. सावन का महीना सुहावना होता है । (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| श्रवन | श्रावण | सवन |

2. हवा धीरे-धीरे चलने लगी । (क्रिया-विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए ।)

3. 1527 अक्षरों में लिखिए ।

4. जल हमारे जीवन _____ एक प्रमुख आधार है । (सही कारक चिह्न पहचानिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| का | ने | की |

5. भारतवासी ऊँच-नीच का भेद मिटाते हैं । (समास की सही जोड़ी पहचानिए ।)

(i) भारतवासी – द्विगु समास

(ii) ऊँच-नीच – द्वंद्व समास

6. पेड़-पौधों से पर्यावरण संतुलित होता है । (रेखांकित शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए ।)

7. मन को भाने वाला । (एक शब्द में लिखिए ।)

8. जगनिक ने आल्हा–ऊदल की वीरता का अपने महाकाव्य में बखान किया । (रेखांकित मुहावरे का अर्थ क्या है ?)

| | | |
|---|---|---|
| वर्णन करना | याद करना | परिहास करना |

9. नौकर सामान लाता है । (लिंग बदलकर फिर से पूरा वाक्य लिखिए ।)

10. आदमी बाजार जाता है । (वचन बदलकर फिर से पूरा वाक्य लिखिए ।)

11. राजू पुस्तक पढ़ता है । (वाक्य को भविष्यत् काल में बदलकर लिखिए ।)

12. हम मैदान में दौड़ता है । (शुद्ध रूप में लिखिए ।)

भाग – II

II. **प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिये गये गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।**

13. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उत्तर पहचानकर लिखिए : (5 × 1 = 5)

वास्तविक लोकगीत देश के गाँवों और देहातों में हैं । इनका संबंध देहात की जनता से है । बड़ी जान होती है इनमें । चैता, कजरी, बारहमासा, सावन आदि मिर्जापुर, बनारस और उत्तर प्रदेश के पूरबी और बिहार के पश्चिमी जिलों में गाये जाते हैं । बाउल और भतियाली बंगाल के लोकगीत हैं ।

(अ) 'लोग' शब्द का पर्यायवाची शब्द पहचानकर लिखिए ।

(आ) 'छोटी' शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ।

(इ) 'इक' प्रत्यय वाला शब्द पहचानकर लिखिए ।

(ई) 'सम्' उपसर्ग वाला शब्द पहचानकर लिखिए ।

(उ) "लोकगीत बिहार के पश्चिमी जिलों में गाये जाते हैं ।" – इस वाक्य में क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए ।

14. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए : (5 × 1 = 5)

ऊँच-नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे ।

नफरत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे ।

हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे ।

हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।

प्रश्न :

(अ) भारतवासी किसका भेद मिटाना चाहते हैं ?

(A) सत्य-असत्य (B) हिंसा-अहिंसा

(C) धर्म-अधर्म (D) ऊँच-नीच

(आ) 'अमृत' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

(A) विष (B) पीयूष

(C) सुधा (D) नफरत

(इ) भारतवासी किसको दूर भगाकर विश्वास जगायेंगे ?

(A) प्यार (B) निराशा

(C) नफरत (D) विश्वास

(ई) दुनिया को कौन पावन धाम बनाना चाहते हैं ?

(A) भारतवासी (B) अमेरिकावासी

(C) अंतरिक्षवासी (D) लंदनवासी

(उ) उपर्युक्त पद्यांश किस कविता पाठ से लिया गया है ?

(A) बरसते बादल

(B) हम भारतवासी

(C) कण-कण का अधिकारी

(D) भक्ति पद

15. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : (5 × 1 = 5)

हमें भारत के सभी प्रांतों से जुड़ने के लिए एक भाषा की आवश्यकता होती है जिसे सारे भारत के वासी जानते हैं। वैसी भाषा ही हिन्दी है, जो सारे भारतीयों को एकता के सूत्र में बाँधती है। हिन्दी अपने शाब्दिक अर्थ से भी भारतीय कहलाती है। इसलिए देश के वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखकर भारतीय संविधान ने अनुच्छेद 343(1) के तहत हिन्दी को 14 सितंबर, 1949 को राजभाषा के रूप में गौरवान्वित किया है। तब से हम हर वर्ष 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाते हैं।

(अ) भारत को एकता के सूत्र में बाँधने वाली भाषा कौन सी है ?

(आ) हिन्दी अपने शाब्दिक अर्थ में क्या कहलाती है ?

(इ) भारतीय संविधान ने किस अनुच्छेद के तहत हिन्दी को राजभाषा के रूप में गौरवान्वित किया ?

(ई) हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है ?

(उ) यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

16. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए : (5 × 1 = 5)

इक्कीसवीं सदी का अब अंत होने वाला था और बाईसवीं सदी की शुरुआत। पृथ्वी पर मानव ने काफी प्रगति कर ली थी। जनसंख्या पर नियंत्रण कर लिया था। पर्यावरण की समस्या को लगभग हल कर लिया गया था। लोग सुख-चैन से रह रहे थे। अचानक एक दिन समाचार-पत्र में एक खबर प्रकाशित हुई, जिसे पढ़कर लोग आश्चर्यचकित हो गए। इस खबर के अनुसार एक सर्वेक्षण में बताया गया कि पृथ्वी पर निरंतर पानी की कमी होती जा रही है।

(अ) मानव ने काफी प्रगति कहाँ कर ली थी ?

(A) अंबर (B) धन

(C) पृथ्वी (D) सागर

(आ) मानव ने किस समस्या को लगभग हल कर लिया था ?

(A) पर्यावरण (B) स्वास्थ्य

(C) बेरोजगारी (D) भ्रष्टाचार

(इ) जनसंख्या पर किसने नियंत्रण कर लिया?

(A) दानव (B) देवता

(C) मानव (D) वैज्ञानिक

(ई) पृथ्वी पर निरंतर किसकी कमी होती जा रही है ?

(A) अन्न (B) पानी

(C) हवा (D) मकान

(उ) इस गद्यांश के लेखक कौन हैं ?

(A) सुमित्रानंदन पंत (B) आर.पी. निशंक

(C) प्रेमचंद (D) श्री प्रकाश

## भाग - III

III. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 4 पंक्तियों में लिखिए : (2 × 4 = 8)

17. 'हम भारतवासी' कविता के कवि 'आर.पी. निशंक जी' के बारे में लिखिए।

18. हिन्दी साहित्य के सुपरिचित रचनाकार "श्री भगवतशरण उपाध्याय" के बारे में आप क्या जानते हैं ?

## भाग – IV

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए : (8 × 3 = 24)

19. अपने जीवन में आने वाली उलझनों से बचे रहने के लिए हम क्या-क्या कर सकते हैं ?

20. मीरा के गुरु ने उसे कौन सी अमोलक वस्तु दी है ?

21. भारत के अलावा किन-किन देशों में हिन्दी की माँग बढ़ती ही जा रही है ?

22. बच्चों के लिए टेसी थॉमस का संदेश क्या है ?

23. जल स्रोतों को सुरक्षित रखने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

24. शांति की परिभाषा क्या हो सकती है ? अपने शब्दों में बताइए ।

25. राजू के प्रति सभी स्कूल के साथियों का व्यवहार कैसा था ?

26. अकाल की समस्या को दूर करने के लिए राजा कुमारवर्मा ने क्या-क्या उपाय सोचे होंगे ?

## भाग – V

V. निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए :

27. किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए । (1 × 10 = 10)

(अ) सुमित्रानंदन पंत प्रकृति सौंदर्य चित्रण में बेजोड़ कवि हैं । "बरसते बादल" पाठ के द्वारा सिद्ध कीजिए ।

(या)

(आ) मेहनत ही सफलता की कुंजी है । "कण-कण का अधिकारी" कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

28. किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए । (1 × 10 = 10)

(अ) हामिद के मन में अपनी दादी के प्रति आदर, श्रद्धा और स्नेह की भावनाएँ थीं । 'ईदगाह' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(या)

(आ) भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त कराने के लिए और बाल मजदूरी की समस्या को समाप्त करने के लिए अब्दुल कलाम जी ने क्या-क्या सुझाव दिए ?

भाग – VI

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए :

29. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1 × 8 = 8)

(अ) आपके द्वारा की गई किसी शैक्षणिक यात्रा का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

(या)

(आ) आवश्यक पुस्तकें माँगते हुए किसी पुस्तक विक्रेता के नाम पर एक पत्र लिखिए ।

30. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1 × 8 = 8)

(अ) हिन्दी भारत की राष्ट्र भाषा है । इस पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(या)

(आ) दूरदर्शन मनोरंजन का प्रमुख साधन है । इस पर अपनी राय स्पष्ट कीजिए ।